भर्ती हेतु सूचना
परामर्शदाता – लेखा

सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने हेतु राज्यों को तकनीकी सहायता एवं क्षमता विकास में सहयोग प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत एक स्वायत्त पंजीकृत सोसायटी के रूप में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) का गठन किया गया है। एनएचएसआरसी को राष्ट्रीय रणनीतिक स्वास्थ्य नियोजन और कार्यक्रम निर्माण का दायित्व भी सौंपा गया है।

एनएचएसआरसी, पूर्णतः संविदा आधार पर परामर्शदाता– लेखा के पद के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

भूमिकाएं एवं दायित्वः

- प्राप्तियों एवं भुगतान, बजट/अग्रिमों/बैंको से बातचीत की पूरी प्रणाली से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना।
- टीडीएस की गणना करना और टीडीएस काटना तथा टीडीएस रिटर्न के विवरण तैयार करना।
- नकदी का लेन–देन करना।
- बिल एवं वाउचरों का सत्यापन करना।
- भुगतानों से पूर्व खर्चों की प्रामाणिकता सुनिश्चित करना।
- वाउचर तैयार करने और उसे फाइल करने का कार्य करना।
- आवती एव निर्गम रजिस्टर और परिसंपत्ति रजिस्टर आदि का रखरखाव करना।
- वित्तीय रिपोर्टें तैयार करना।
- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और एनपीएमयू के विभिन्न प्रभागों में परामर्शदाताओं की यात्रा व्यवस्था और यात्रा दावों के निपटान में सहयोग करना।
- आवश्यकतानुसार निर्धारित कार्य के घंटो से अधिक देर तक कार्य करने का इच्छुक।
- लेखा अधिकारी, पीएओ एवं एनएचएसआरसी के कार्यकारी निदेशक द्वारा समय–समय पर सौंपे गए अन्य कार्य करना।

पात्रता :

- अच्छे शैक्षणिक रिकार्ड के साथ वाणिज्य में स्नातकोत्तर उपाधि/वाणिज्य में स्नातक उपाधि के साथ एमबीए (वित्त)।
- लेखाकरण और वित्त में योग्यता उपरांत न्यूनतम 2–3 वर्ष का कार्य अनुभव। किसी एनजीओ/सरकारी संस्था का अनुभव रखने वाले व्यकित को वरीयता दी जाएगी।
- सटीकता के प्रदर्शित रिकार्ड के साथ उत्कृष्ट लेखांकन और वित्तीय विश्लेषणात्मक कौशल।
- माइक्रोसॉफ्ट एप्लीकेशनों की जानकारी सहित उत्कृष्ट कंप्यूटर कौशल और टैली सॉफ्टवेयर का अनुभव अनिवार्य है।
- अभ्यर्थी के पास अंग्रेजी भाषा में उत्कृष्ट मौखिक और लिखित संप्रेषण कौशल होना चाहिए।
- उत्कृष्ट अभ्यर्थियों के लिए औपचारिक शैक्षणिक योग्यता, अनुभव और आयु में ढील दी जा सकती है।

आयु : अधिकतम 40 वर्ष

कार्य स्थलः नई दिल्ली, आवश्यकतानुसार यात्रा करने को इच्छुक
पारिश्रमिक सीमाः प्रतिमाह 40,000/– रु. से 90,000/– रु. के बीच
संविदा अवधि : दो वर्ष
* संविदा 31 मार्च 2017 के उपरांत तभी वैध रहेगी, बशर्ते एनएचएसआरसी 31 मार्च 2017 से आगे जारी रहता है। यदि एनएचएसआरसी 31 मार्च 2017 से आगे जारी नहीं रहता है, तो संविदा को वापस ले लिया गया माना जाएगा।

टिप्पणी:

- जीवन-वृत्त दिनांक **23-Aug-2016** को **अपराहन 4:00 बजे** तक ई-मेल **rec.nhsrc.2016@gmail.com** पर अवश्य पहुंच जाना चाहिए।
- यह, समाचार पत्र विज्ञापन दिनांक **3 अगस्त 2016** में दी गई ऑनलाइन आवेदन की आवश्यकता को प्रतिस्थापित करता है।
- कृपया सबजेक्ट-लाईन में सटीक आवेदित पद का उल्लेख करना सुनिश्चित करें, जिसके बिना जीवन-वृत्त स्वीकार नहीं किया जाएगा।
- यदि उम्मीदवार एक से अधिक पद के लिए आवेदन करता है तो उसे प्रत्येक पद के लिए अलग से टीओआर में उल्लिखित अनुसार विशेष ई-मेल पते पर जीवन-वृत्त भेजना होगा।
- अपने जीवन-वृत्त में आयु, डिग्री उत्तीर्ण करने का वर्ष, वर्तमान और पिछले नियोजन की तिथि का उल्लेख करना अनिवार्य है, जिसके बिना जीवन-वृत्त स्वीकार नहीं किया जाएगा।